NAVBHARAT TIMES

FRIDAY, 8 APRIL, 2011

'तंबाकू छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो'

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर तंबाकू की हानियों पर आईटीएस में पोस्टर प्रतियोगिता

एनबीटी न्यूज || मोहन नगर

मोहन नगर स्थित आईटीएस संस्थान में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईटीएस यूजी कैंपस की सामाजिक सेवा क्लब स्माइल ने स्वास्थ्य संचार सोसायटी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कई कार्यक्रम आयोजित किए। सेमिनार में दिल्ली की स्वास्थ्य संचार सोसायटी के डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू, शराब और सिगरेट से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को तंबाकू छोड़कर खुशहाल जिंद से नाता जोड़ना चाहिए क्योंकि एक सिगरेट से किसी व्यक्ति की छह मिनट की जिंदगी कम हो जाती है। डॉक्टरों ने सिगरेट और तंबाकू से होने वाले संक्रामक रोगों के बारे में भी जानकारी दी।

स्माइल क्लब की ओर से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने पेंटिंग्स से लोगों से नशे की लत छोड़ने की अपील की

सामाजिक सेवा क्लब स्माइल ने तंबाकू के सेवन से होने वाले असाध्य रोगों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एकल और समूह में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 'तंबाकू की हानियों' पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पोस्टर प्रतियोगी को पुरस्कृत किया गया, जबकि सभी पोस्टर प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एकल प्रतियोगिता में आईटीएस मोहन नगर बीसीए की छात्रा रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह प्रतियोगिता में आईटीएस मोहन नगर पीजीडीएम की छात्रा गरिमा जैन और एकता सिंह को संयुक्त रुप से पुरस्कार दिया गया।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को समूचे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन तंबाकू, शराब, सिगरेट और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले भयानक रोगों के प्रति लोगों को आगाह किया जाता है। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने तंबाकू, सिगरेट और शराब के सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में बताने के लिए पोस्टर बनाए। इस प्रतियोगिता में लगभग100 प्रतियोगियों ने भाग लिया। आईटीएस यूजी कैंपस की प्रिंसिपल सुजाता ने बताया कि आईटीएस का सोशल क्लब समाज कल्याण की दिशा में हमेशा अग्रसर रहा है। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में रचनात्मकता और सामाजिक सेवा की भावना बढ़ती है।

Photos : UK

एकल प्रतियोगिता में आईटीएस मोहन नगर बीसीए की छात्रा रानी ने बाजी मारी

EVENT: WORLD HEALTH DAY CELEBRATION 2011
DATE: 7th APRIL 2011
VENUE: I.T.S- GHAZIABAD